DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

दैनिक जागरण नई दिल्ली, 7 नवंबर, 2023

# कृष्णा के स्वजन के सवाल से असहज हुए डीडीए अधिकारी

## एकता अपार्टमेंट गेट हादसा

**जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली:** सिरसपुर गांव में डीडीए के एकता अपार्टमेंट में गेट गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की मौत के मामले में एक सप्ताह में डीडीए अधिकारियों की टीम ने दूसरी बार घटनास्थल का दौरा किया और आरडब्ल्यूए व बच्चे के स्वजन से बात की। अधिकारियों ने बच्चे के स्वजन से मिलकर घटना पर दुख जताया और न्याय का भरोसा दिलाया। बच्चे के स्वजन के उस सवाल से डीडीए अधिकारियों को असहज हो गए, जिसमें उन्होंने सवाल किया कि जब सबको पता था कि गेट टूटा है, फिर उसे ठीक क्यों नहीं कराया गया। अधिकारियों ने आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों से भी बात की और हादसे के बारे में पूछा।

28 तारीख को डीडीए के एकता अपार्टमेंट का भारी-भरकम मेन गेट पांच वर्ष के बच्चे कृष्णा पर गिर गया था और कुछ समय बाद बच्चे की मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व डीडीए अधिकारियों को पूछताछ के लिए बुलाया था। पुलिस ने पहले आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से हादसे से संबंधित सवाल पूछे।



कृष्णा के स्वजन (दाएं) से बात करते डीडीए के अधिकारी • सौ.सुधी पाठक

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 7 नवंबर 2023

# DDA में अरबों रुपये का घोटाला

## दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने दर्ज किया केस

Shanker.Singh@timesgroup.com

**नई दिल्ली:** डीडीए की अल्टरनेटिव स्कीम के तहत अरबों का घोटाला सामने आया है। जमीन के बदले प्लॉट अलॉट करने के मामले में ये खेल हुआ है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (EOW) ने मुकदमा दर्ज किया है। साउथ दिल्ली में 128 प्लॉट को फर्जीवाड़ा कर अलॉट किया गया। इसे मामले को कोर्ट ले जाया गया, जिसने केस दर्ज करने के निर्देश दिए थे।

**साउथ दिल्ली में 128 प्लॉट को फर्जीवाड़ा कर अलॉट किया गया**

डीडीए के डिप्टी डायरेक्टर (लैंड एंड बिल्डिंग) पंकज कुमार भगत ने 28 अक्टूबर 2023 को एफआईआर दर्ज करने के लिए लेटर लिखा। अदालत के आए निर्देश पर लिखे लेटर में कहा गया है कि भूमि अधिग्रहण होने पर अल्टरनेटिव प्लॉट अलॉट करने की एक प्रक्रिया है। दिल्ली सरकार का लैंड एंड बिल्डिंग डिपार्टमेंट डीडीए के लिए जिस भू-स्वामी की जमीन अधिग्रहण किया गया, उसकी ऐप्लिकेशन की स्क्रीनिंग करता है। इसके बाद वो डीडीए को अल्टरनेटिव प्लॉट अलॉट करने की सिफारिश करता है।

डीडीए के 12 नवंबर 1980 के डीओ लेटर के जवाब में लैंड एंड बिल्डिंग डिपार्टमेंट की तरफ से 17 फरवरी 1981 को 721 प्लॉट के केस की लिस्ट भेजी गई। इसमें क्रमांक 242 और 243 में एक नाम अंकित होने से ये सूची 720 की रह गई। इनमें से 128 केसों में जारी लैंड एंड बिल्डिंग डिपार्टमेंट के लेटर फर्जी निकले। इस पर जिस अधिकारी के साइन थे, उसने अपने होने से इनकार कर दिया। हाई कोर्ट ने 20 फरवरी 2023 को फर्जी सिफारिशी पत्र के आधार पर अलॉट 128 प्लॉट को डीडीए से रिकॉर्ड में रखने को कहा। कोर्ट ने 23 अगस्त 2023 को इनके अलॉटमेंट का लेटर जाली होने के दावे की जांच आवास एवं शहरी विकास कार्य मंत्रालय के सचिव को करने के निर्देश दिए। कोर्ट ने इन अलॉटमेंट को रद्द करने का तरीका, इसे फिर से सरकार के अधिग्रहण में लाने और इनके अलॉटमेंट के जिम्मेदार अफसरों की पहचान करने को भी कहा है।

# सड़कों-फुटपाथों पर धूल मिट्टी मिलने पर LG ने जताई नाराज़गी

## प्रदूषण से निपटने के हो रहे कामों को देखने सड़कों पर उतरे

**विशेष संवाददाता, नई दिल्ली :** दिल्ली में प्रदूषण की गंभीर स्थिति से निपटने के लिए किए जा रहे उपायों का जायजा लेने एलजी वी.के. सक्सेना सोमवार को सड़कों पर उतरे। उन्हें कई जगह सड़कों और फुटपाथों के किनारे बड़ी मात्रा में धूल-मिट्टी की मोटी परत जमी दिखाई दी। गाड़ी गुजरते वक्त वहां धूल उड़ रही थी। कुछ जगह सड़कों के किनारे नालों से निकाली गई सूख चुकी सिल्ट भी पड़ी थी। एलजी ने इस पर नाराजगी जताते हुए मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल सड़कों की अच्छी तरह से सफाई कराने का निर्देश दिया। एलजी ने यह भी पाया कि सड़कों की साफ-सफाई के लिए इस्तेमाल की जा रही मशीनें धूल और धुआं उड़ाकर और ज्यादा प्रदूषण फैला रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में मशीनों से सड़कों की सफाई करते वक्त पानी का छिड़काव किया जाना चाहिए।

एलजी ने सोमवार की सुबह लाल किले के पिछले हिस्से से सड़कों का मुआयना शुरू किया। वह रिंग रोड से राजघाट, आईटीओ, प्रगति पावर प्लांट और आईपी एस्टेट से होते हुए सराय काले खां के पास स्थित मिलेनियम पार्क तक गए। एलजी ने प्रगति पावर प्लांट और मिलेनियम बस डिपो के यार्ड का भी निरीक्षण किया, जो इस इलाके में डस्ट पल्यूशन का एक बड़ा कारण है। एलजी ने एंटी स्मॉग गन से किए जा रहे पानी के छिड़काव का भी जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करें कि सभी सड़कों पर लगातार पानी का छिड़काव हो। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, डीडीए और एमसीडी के अधिकारियों को फुटपाथों और सड़कों के किनारे से तुरंत धूल-मिट्टी हटवाने और पावर प्लांट और बस डिपो को धूल मुक्त रखने के निर्देश दिए।



एलजी ने अफसरों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए

THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
TUESDAY, NOVEMBER 7, 2023

# Clean pavements, streets in central Delhi: LG to officials

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Lieutenant governor VK Saxena on Monday took to the streets to take stock of the pollution mitigating measures being undertaken by the various departments and civic bodies in the capital.

Officials said the LG travelled from the stretch behind Red Fort to Rajghat, ITO, Pragati Power Plant, IP Estate and Millennium Park near Sarai Kale Khan on the Ring Road, and inspected the pavements, central verges and the yards of the power plant and millennium bus depot, which cause much of dust pollution leading up to higher PM 2.5 and PM10 levels.

"It was found that the pavements and footpaths were covered with thick layers of dust and loose silt at several places, which were flying off with passing vehicles, causing even more pollution. Taking a strict note of this, the LG directed officials to immediately clear the pavements and streets," said a Raj Niwas official.

Officials added that Saxena also inspected the on-going works of dust mitigation by mechanical road sweepers. He observed that machines were causing more pollution by way of blowing the dust, which should have been suppressed by sprinkling water. He also took stock of the mobile anti-smog guns.

"The LG instructed the accompanying officials of Public Works Department, Municipal Corporation of Delhi and Delhi Development Authority to immediately ensure covering of the footpaths and ensuring remedial measures to keep the yards of the power plant and the bus depot dust-free," another official said.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPERS------------ दैनिक जागरण नई दिल्ली, 7 नवंबर, 2023

# फुटपाथों पर गाद, स्वीपिंग मशीनें उड़ा रहीं धूल

- राजधानी में प्रदूषण रोकने के लिए किए जा रहे उपायों का उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने लिया जायजा
- एलजी ने राजघाट से आइटीओ, प्रगति पावर प्लांट, आईपी एस्टेट, मिलेनियम पार्क का किया दौरा

**राज्य ब्यूरो, नई दिल्ली:** राजधानी में विभिन्न विभागों, एजेंसियों और नागरिक निकायों की ओर से प्रदूषण कम करने के लिए किए उपायों का सोमवार को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने जायजा लिया। इस दौरान उन्हें फुटपाथ पर गाद जमा मिली और रोड स्वीपिंग मशीन सफाई कम धूल उड़ाती अधिक दिखी। जिस पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही लोगों से अपील की कि कम दूरी के लिए निजी वाहनों के उपयोग और किसी भी तरह के निर्माण एवं ध्वस्तीकरण की गतिविधियों से बचें।

एलजी ने लाल किले के पीछे राजघाट से आइटीओ, प्रगति पावर प्लांट, आईपी एस्टेट और रिंग रोड पर सराय काले खां के पास मिलेनियम पार्क तक का दौरा किया। फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज और पावर यार्ड का निरीक्षण किया। प्रगति पावर प्लांट और मिलेनियम बस डिपो, जोकि अत्यधिक धूल से होने वाले प्रदूषण का कारण बनते हैं और इनकी वजह से क्षेत्र में पीएम-2.5 व 10 का स्तर बढ़ जाता है। यहां कई स्थानों पर फुटपाथ गाद की मोटी परत से ढके मिले। वहां से गुजरने वाले वाहनों के साथ धूल उड़ रही थी। उन्होंने इस पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तुरंत फुटपाथ और सड़कों की सफाई कराने का निर्देश दिया। मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीन से धूल रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि सफाई के दौरान मशीन से धूल उड़ने की वजह से प्रदूषण बढ़ रहा है और इसे रोकने के लिए पानी के छिड़काव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने मोबाइल एंटी-स्माग गन का भी जायजा लिया।



रिंग रोड पर पड़ी गाद अधिकारियों को दिखाते एलजी वीके सक्सेना ● सौ. राजनिवास

एलजी ने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए आदि के अधिकारियों को तुरंत फुटपाथों, पावर प्लांट और बस डिपो के यार्डों को धूल मुक्त रखने के लिए उपचारात्मक उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस को सख्ती से ग्रेप चार के तहत प्रतिबंधित वाहनों का सड़कों पर नहीं आना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य राज्यों से दिल्ली में प्रवेश करने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की एंट्री प्वाइंट्स पर ही जांच को लेकर सख्ती बरतने के लिए कहा। उन्होंने लोगों से प्रदूषण कम करने वाले सभी उपाय करने की अपील की। विशेषकर सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग करने का अनुरोध किया।

**Hindustan Times**

# LG INSPECTS KEY ROAD STRETCHES, CHECKS DUST CONTROL STEPS

**Aheli Das**
letters@hindustantimes.com

**NEW DELHI:** Lieutenant governor VK Saxena on Monday inspected various sources of pollution across the Capital and directed officials to take measures to control them, as the city's air quality remained in the "severe" zone for the fifth day straight.

The LG inspected the stretch behind Red Fort, Rajghat, ITO, Pragati power plant, IP Estate and Millennium Park near Sarai Kale Khan on the Ring Road. According to an official in the LG secretariat, Saxena also inspected major sources of dust pollution and the Millennium Park bus depot.

"It was found that pavements and footpaths were covered with thick layers of dust and loose silt at several places which were flying off as vehicles passed by, adding to the pollution," the official said. "The LG has directed officials of the Public Works Department, Municipal Corporation of Delhi, and the Delhi Development Authority to take remedial measures immediately to keep pavements as well as yards of the power plant and bus depot dust free."

"The LG also inspected the ongoing works for dust mitigation by mechanical road sweepers and found that water sprinklers were not being used," said the officer.

With the city's air consistently being in the "severe" category, the Delhi government on Sunday rolled out stage IV of the Graded Response Action Plan to tackle more sources of pollution, with curbs including a ban on all diesel light commercial vehicles registered outside Delhi, and those which are non BS-VI from entering the Capital. Similarly, there is a ban on entry of trucks in Delhi and on plying of all diesel Medium Goods Vehicles (MGV) and Heavy Goods Vehicles (HGV). Besides, all linear construction projects such as highways, roads and flyovers have also been directed to stop.

On Monday, Saxena directed that all rules under the plan be strictly followed, and that "the transport department and Delhi Police strictly ensure that vehicles prohibited under stage 4 are not allowed to ply on the roads", said the official cited above.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- हिन्दुस्तान नई दिल्ली, मंगलवार, 7 नवंबर 2023 ------DATED----------------------

# एलजी बोले, सड़कों और फुटपाथों की सफाई करें

■ वीके सक्सेना ने प्रदूषण रोकने के लिए अफसरों को निर्देश दिया

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपायों का जायजा लेने के लिए उपराज्यपाल वीके सक्सेना सोमवार को सड़कों पर उतरे। इस दौरान उन्होंने धूल प्रदूषण रोकने के लिए सड़कों और फुटपाथों की सफाई का अधिकारियों को निर्देश दिए।

उपराज्यपाल ने लालकिले के पीछे राजघाट से आईटीओ, प्रगति पावर प्लांट, आईपी स्टेट, रिंग रोड पर सराय काले खां के पास मिलेनियन पार्क तक का जायजा लिया। इस दौरान अधिकांश रास्ते पर पैदल चलकर उन्होंने निरीक्षण किया। प्रगति पावर प्लांट और मिलेनियम बस डिपो पर उन्होंने पाया कि कई स्थानों पर फुटपाथ पर धूल और गाद की मोटी परत मौजूद है। यह धूल वहां से गुजरने वाले वाहनों के साथ उड़ रही है, जिससे प्रदूषण में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने अधिकारियों को तुरंत फुटपाथ और सड़कों की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन द्वारा धूल रोकने के लिए किए जाने वाले कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पीडब्लूडी, नगर निगम, डीडीए आदि के अधिकारियों को तुरंत ही फुटपाथों, पावर प्लांट, बस डिपो के यार्डों आदि को तत्काल धूल से मुक्त रखने के उपाय करने के निर्देश दिए।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । मंगलवार, 7 नवंबर 2023 ----------DATED----------

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

# इन त्योहारों में

## दिल्ली के नए एजुकेशन हब नरेला में अपना नया फ्लैट बुक करें

**साइट विज़िट कर अपना फ्लैट पसंद करें**

बुकिंग चल रही है



- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ होमियोपैथी, एनआईटी और आईजीडीटीयूडब्ल्यू के कैम्पस स्थापित हो चुके हैं
- जीजीएसआईपी, डीपीएसआरयू और डीईटीयू के नये कैम्पस डीडीए द्वारा आवंटित भूमि पर स्थापित किए जा रहे हैं
- भारी मांग के कारण, सैक्टर ए1 - ए4 में अतिरिक्त 265 ईडब्ल्यूएस फ्लैट योजना में जोड़े जा रहे हैं

## दिल्ली विकास प्राधिकरण
## की
## पहले आओ पहले पाओ योजना

**नरेला एवं अन्य स्थानों पर सफलतापूर्वक चल रही है**

- लिफ्ट, विशाल पार्किंग, सामुदायिक केंद्र, पार्क तथा सुरक्षा व्यवस्था के साथ गेट लगे हुए आवासीय परिसर में बहुमंज़िले भवन
- उपलब्ध फ्लैटः नरेला - 1 बीएचके एवं 2 बीएचके, सिरसपुर - 1 बीएचके, लोकनायकपुरम - 1 बीएचके, रोहिणी - 1 बीएचके तथा जसोला - 3 बीएचके



फ्लैट की वास्तविक तस्वीरें

**ऑनलाइन योजना । www.dda.gov.in के माध्यम से आवेदन करें**

- दिल्ली में मकान/प्लॉट के स्वामियों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं
- अगल-बगल के फ्लैटों को जोड़ने का भी प्रावधान

अधिक जानकारी के लिए डायल करें टोल फ्री नं. : 1800110332

हमें फॉलो करें : @ddaofficial official_dda official_dda official_dda

पंजीकरण तथा भविष्य के अपडेट के लिए कृपया : www.dda.gov.in या www.eservices.dda.org.in पर जाएँ

# DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
## LIBRARY
## PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI TUESDAY, NOVEMBER 7, 2023

the pioneer

II I TUESDAY I NOVEMBER 7, 2023


Ministry of Housing and Urban Affairs
Government of India

# This Festive Season
## Book your New Flat in Delhi's new Education Hub at Narela

Visit the site to choose your flat

Bookings Open



# DDA's FIRST COME FIRST SERVE SCHEME

Running Successfully In Narela and other Locations

Online Scheme. Apply through www.dda.gov.in

- No restriction for those who own house/plot in Delhi
- Amalgamation of adjacent flats is permitted subject to structural approval



Actual pictures of the sample flat

* The furniture & fixtures shown in the sample flat are not a part of the scheme

Campus already functioning of **National Institute of Homeopathy, NIT** and **IGDTUW**

New campuses of **GGSIP, DPSRU** and **DeTU** being set up in DDA's allotted land

Due to heavy demand, 265 more EWS flats in Sector A1-A4 are being added in the scheme

Multi-storeyed buildings with Lifts, Ample parking, Community centre, Parks in gated housing complex with security arrangements

Flats available: Narela - 1 BHK and 2 BHK, Sirasppur - 1 BHK, Loknayakpuram - 1 BHK, Rohini - 1BHK and Jasola - 3 BHK

For more information, dial our **Toll Free No.: 1800110332**

For Registration and further updates, log on to: www.dda.gov.in www.eservices.dda.org.in

Follow us on: @ddaofficial official_dda official_dda official_dda

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPER

नई दिल्ली। मंगलवार • 7 नवम्बर • 2023

राष्ट्रीय सहारा

# LG उतरे सड़क पर, किया मुआयना



**नई दिल्ली (एसएनबी)।** उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को राजधानी मे प्रदूषण की स्थिति का जायजा लिया। प्रदूषण को कम करने के उपायो पर नजर रखते हुए उन्होंने अधिकारियों को सड़कों एवं फुटपाथ को साफ रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सड़कों के किनारे जमी मिट्टी पर नाराजगी जताते हुए कहा वाहन गुजरने से यही मिट्टी उड़कर हवा में घुल जाती है। सफाई कार्य मे लगे वाहनों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ डीडीए, दिल्ली नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं सरकार के अधिकारी भी मौजूद थे। यह जानकारी राजनिवास ने जारीबयान में दी है। उप-राज्यपाल ने लोगों से अपील की है कि वे सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का इस्तेमाल करें और निजी वाहनों के उपयोग से बचें। सक्सेना ने लोगों से निर्माण कार्य न करने का भी आग्रह किया है।

(विवरण पेज 3)

■ सफाई से पहले सड़कों पर छिड़काव के निर्देश

# एलजी उतरे सड़क पर, किया मुआयना

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

उप-राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सोमवार को राजधानी में प्रदूषण की स्थिति का जायजा लिया। प्रदूषण को कम करने के उपायों पर नजर रखते हुए उन्होंने अधिकारियों को सड़कों एवं फुटपाथ को साफ रखने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सड़कों के किनारे जमी मिट्टी पर नाराजगी जताते हुए कहा वाहन गुजरने से यही मिट्टी उड़कर हवा में घुल जाती है। सफाई कार्य में लगे वाहनों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ डीडीए, दिल्ली नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं सरकार के अधिकारी भी मौजूद थे। यह जानकारी राजनिवास ने जारीबयान में दी है।

उप-राज्यपाल ने लोगों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन प्रणाली का इस्तेमाल करें और निजी वाहनों के उपयोग से बचें। सक्सेना ने लोगों से निर्माण कार्य न करने का भी आग्रह किया है। अधिकारी ने बताया कि सफाई कार्य में लगी मशीनों से उड़ रहे धूल के कणों पर एलजी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने अधिकारियों को सुझाव दिया है कि सफाई कार्य में लगी मशीनों के इस्तेमाल से पहले सड़कों पर छिड़काव की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिससे धूल के कण उड़कर हवा में नहीं घुल सकें। अधिकारियों के साथ एलजी लालकिले के पीछे के हिस्से से रिंग रोड होते हुए राजघाट, आईटीओ, प्रगति विद्युत संयंत्र, आईपी एस्टेट और सराय काले खां के नजदीक बने मिलेनियम पार्क तक पैदल यात्रा की। पैदल निरीक्षण के दौरान सड़क के किनारों, फुटपाथ, विद्युत संयंत्र एवं मिलेनियम बस डिपो के यार्ड का निरीक्षण किया।

■ सफाई कार्य में लगे वाहनों से उड़ रही धूल पर जताई आपत्ति

■ सफाई से पहले सड़कों पर छिड़काव के निर्देश



आईटीओ पर वायु प्रदूषण को रोकने के लिए सोमवार को एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव करते हुए। फोटो : अनिल सिन्हा

अधिकारी ने बताया कि सड़कों के किनारे जमी मिट्टी पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उप-राज्यपाल ने अधिकारियों को फुटपाथ एवं सड़कों की तत्काल सफाई के निर्देश दिए हैं। उप-राज्यपाल ने मोबाइल एंटी स्मॉग गन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वह फुटपाथों से तत्काल धूल-मिट्टी हटवाने तथा विद्युत संयंत्र एवं बस डिपो को धूल मुक्त रखने के लिए उपाय करें। परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस के अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि क्रमिक प्रतिक्रिया कार्य योजना (जीआरएपी) चतुर्थ के तहत प्रतिबंधित वाहन सड़कों पर नहीं चलें। इसे साथ ही दिल्ली के प्रवेश द्वारों पर प्रदूषित वाहनों की सख्ती से जांच की जाए।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी दिल्ली, मंगलवार 07.11.2023 --------DATED------ दैनिक भास्कर, नई दिल्ली मंगलवार 07 नवंबर, 2023

सड़क पर उतरे उपराज्यपाल ने की रोकथाम कार्य की समीक्षा

# प्रदूषण की रोकथाम के लिए विभाग एजेंसियों के साथ करें काम :एलजी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर को देखते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने सभी विभागों को एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने का आदेश दिया। सोमवार को उपराज्यपाल ने विभिन्न विभागों, एजेंसियों, नागरिक निकायों के काम का जायजा लिया। एलजी सुबह लाल किले के पीछे-राजघाट से आईटीओ तक, प्रगति पावर प्लांट से आईपी एस्टेट तक और रिंग रोड पर सराय काले खां के पास मिलेनियम पार्क तक का अधिकांश पैदल दौरा किया। इस दौरान फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज और पावर यार्ड का निरीक्षण किया। प्रगति पावर प्लांट और मिलेनियम बस डिपो के पास एलजी ने धूल की मोटी परत पाई। इस पर एलजी ने अधिकारियों को तुरंत फुटपाथ और सड़कों की सफाई कराने का निर्देश दिया। मैकेनिकल रोड स्वीपरों से धूल रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि इस मशीन से धूल उड़ने की वजह से प्रदूषण बढ़ रहा है और इसको रोकने के लिए पानी के छिड़काव पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का भी जायजा लिया।



### एलजी ने कहा सार्वजनिक परिवहन का करें उपयोग

उपराज्यपाल ने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए आदि के अधिकारियों को तुरंत फुटपाथों, पावर प्लांट और बस डिपो के यार्डों को धूल मुक्त रखने का निर्देश दिया। सक्सेना ने परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस को सख्ती से ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधित वाहनों को सड़कों पर उतरने की अनुमति न दिए जाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने अन्य राज्यों से दिल्ली में प्रवेश करने और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की एंट्री प्वाइंट्स पर ही जांच को लेकर सख्ती बरते। उपराज्यपाल ने लोगों से प्रदूषण कम करने वाले सभी उपाय करने, विशेषकर सार्वजनिक परिवहन का अधिकतम उपयोग करने की भी अपील की।

प्रदूषण के उपायों का जायजा लेने सड़क पर उतरे

# एलजी ने कई जगह धूल देख अधिकारियों को फटकार लगाई

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

एलजी वीके सक्सेना सोमवार को विभिन्न विभागों, एजेंसियों, नागरिक निकायों द्वारा प्रदूषण को कम करने के लिए किए जा रहे उपायों का जायजा लेने सड़क पर उतरे। उन्होंने लाल किले के पीछे, राजघाट, आईटीओ, प्रगति पावर प्लांट, आईपी एस्टेट, रिंग रोड पर सराय काले खां के पास मिलेनियम पार्क, फुटपाथ, सेंट्रल वर्ज और पावर यार्ड का निरीक्षण किया।

प्रगति पावर प्लांट और मिलेनियम बस डिपो अत्यधिक धूल होने से प्रदूषण का गढ़ बने हुए थे, जिसकी वजह से क्षेत्र में पीएम 2.5/10 का स्तर बढ़ जाता है। एलजी ने पाया कि कई स्थानों पर फुटपाथ धूल और गाद की मोटी परत से ढके हुए थे, जो वहां से गुजरने वाले वाहनों के साथ उड़ रही थी, जिससे प्रदूषण में वृद्धि हो रही थी। एलजी ने इस पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए तुरंत फुटपाथ और सड़कों की सफाई कराने का निर्देश दिया। एलजी ने मैकेनिकल रोड स्वीपरों द्वारा धूल को हटाने के लिए किए जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया और पाया कि धूल की वजह से भी अधिक प्रदूषण फैल रहा है। उन्होंने कहा कि पानी के छिड़काव द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने मोबाइल एंटी-स्मॉग गन का भी जायजा लिया।



### यार्डों को धूल मुक्त रखने के उपाय सुनिश्चित करने को कहा

एलजी ने पीडब्ल्यूडी, एमसीडी, डीडीए आदि के अधिकारियों को तुरंत फुटपाथों, पावर प्लांट और बस डिपो के यार्डों को धूल मुक्त रखने के लिए उपचारात्मक उपाय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस को सख्ती से ग्रैप-4 के तहत प्रतिबंधित वाहनों को सड़कों पर उतरने की अनुमति न दिए जाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— THE HINDU TUESDAY November 7, 2023 ----DATED-----

# Anti-dust measures inadequate, more needs to be done for cleaner air: L-G

L-G V.K. Saxena urges people to use public transport; asks police to maintain vigil, not allow polluting vehicles into the city

The Hindu Bureau
NEW DELHI

Lieutenant-Governor V.K. Saxena on Monday directed authorities to take measures to control dust pollution on the Red Fort-Millennium Park stretch on the Ring Road. The direction came during an inspection by Mr. Saxena, during which he found several anti-dust pollution measures on the busy stretch to be inadequate.

Walking down from Red Fort, past Rajghat, ITO, thermal power plant, and I.P. Estate till Millennium Park near Sarai Kale Khan, the L-G found that mechanical road sweepers were merely displacing dust and that they were not followed by water sprinklers as per the norm, a Raj Niwas official said.



Saxena inspects a stretch on the Ring Road on Monday . ANI

"It was also found that the pavements and streets were covered with layers of dust. Deposits of loose silt at several places along the road were being dispersed by passing vehicles, causing even more pollution. Taking note of this, the L-G directed the officials to clean these spots immediately," the official said.

Delhi's air quality showed a marginal improvement on Monday. However, the air pollution levels continued to remain as high as eight times the safe standards.

Mr. Saxena also directed the Transport Department and the Delhi police to ensure that vehicles prohibited under Stage 4 of the Graded Response Action Plan (GRAP), a set of emergency measures to control air pollution, are not allowed to ply on roads.

He asked officials to maintain a vigil on the border checkpoints to prevent the entry of polluting vehicles from other States.

Mr. Saxena also urged people to use public transport as much as possible.

Meanwhile, Mayor Shelly Oberoi held a meeting of the Deputy Commissioners of all 12 zones of MCD and directed them to ensure compliance with the GRAP Stage 4 measures announced on Sunday.

A fund of ₹12 lakh has been allotted to each zone for measures to mitigate dust pollution.

the pioneer
| TUESDAY | NOVEMBER 7, 2023

# Clean Central Delhi streets, pavements: LG

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Delhi Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena on Monday directed officials to immediately clean pavements and streets in Central Delhi after he found them covered with thick layers of dust and loose silt during an inspection.

According to Raj Niwas officials, Saxena also inspected the ongoing works of dust mitigation by mechanical road sweepers, who he found to be causing more pollution by blowing the dust during cleaning which was not being taken care of by a following water sprinkler as the case should have been.



Travelling, mostly on foot from the stretch behind Red Fort, Rajghat, ITO, Pragati Power Plant, JP Estate and Millennium Park near Sarai Kale Khan on the Ring Road, Saxena inspected the pavements, footpaths, central verges and the yards of the Power Plant and Millennium Bus Depot, they said. "It was found that the pavements and footpaths were covered with thick layers of dust and loose silt at several places which were flying off with passing vehicles, causing even more pollution. Taking a strict note of this, LG directed the officials to immediately clear the pavements and streets," the official said. He also took stock of the Mobile Anti-Smog Guns.

The LG instructed accompanying officials of PWD, MCD, DDA, etc. To immediately ensure the covering of the footpaths and remedial measures to keep the yards of the Power Plant and the Bus Depot dust-free.

Saxena also directed the Transport Department and Delhi Police to strictly ensure that vehicles prohibited under GRAP-IV are not allowed on the roads. At the same time, strict enforcement was told to be maintained at border points to check the entry of polluting vehicles entering Delhi from other states, the official said.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS----- millenniumpost
NEW DELHI | TUESDAY, 7 NOVEMBER, 2023

# L-G Saxena directs officials to clean pavements, streets in central Delhi

OUR CORRESPONDENT

**NEW DELHI:** Delhi Lt Governor V K Saxena on Monday directed officials to immediately clean pavements and streets in central Delhi after he found them covered with thick layers of dust and loose silt during an inspection, Raj Niwas officials said.

Saxena also inspected the ongoing works of dust mitigation by mechanical road sweepers, who he found to be causing more pollution by blowing the dust during cleaning which was not being taken care of by a following water sprinkler as the case should have been, they added.

Travelling, mostly on foot from the stretch behind Red Fort, Rajghat, ITO, Pragati Power Plant, IP Estate and Millennium Park near Sarai Kale Khan on the Ring Road, Saxena inspected the pavements, footpaths, central verges and the yards of the Power Plant and Millennium Bus Depot, they said.

'It was found that the pavements and footpaths were covered with thick layers of dust and loose silt at several places which were flying off with passing vehicles, causing even more pollution. Taking a strict note of this, L-G directed the officials to immediately clear the pavements and streets,' the official said.



He also took stock of the Mobile Anti-Smog Guns.

The L-G instructed accompanying officials of PWD, MCD, DDA, etc. to immediately ensure the covering of the footpaths and remedial measures to keep the yards of the Power Plant and the Bus Depot dust-free.

Saxena also directed the Transport Department and Delhi Police to strictly ensure that vehicles prohibited under GRAP-IV are not allowed on the roads.

> Saxena also directed Transport Department and Delhi Police to strictly ensure that vehicles prohibited under the GRAP-IV are not allowed on the roads

At the same time, strict enforcement was told to be maintained at border points to check the entry of polluting vehicles entering Delhi from other states, the official said.

L-G Saxena also made an appeal to the people to take all pollution mitigating measures, particularly optimum use of public transport.

He appealed to the people to avoid unnecessarily using private vehicles for short distances and avoid carrying out any sort of construction and demolition activities.